राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने राज्य के बाढ़–प्रवण एवं शीतलहर प्रभावित 35 जिलों के लिए इंडियन रेडक्रॉस सेसाइटी की राहत–सामग्रियाँ भिजवायीं

पटना, 01 फरवरी 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने बिहार के बाढ़–प्रवण एवं शीतलहरी से प्रभावित 35 जिलों के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार स्टेट ब्रांच की तरफ से राहत सामग्रियों से लदे 35 वाहनों को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर राजभवन के सामने राजेन्द्र चौक पर आयोजित एक कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने अत्यन्त संक्षिप्त संबोधन में कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी बिहार स्टेट ब्रांच को अपनी गतिविधियों को सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में जो सम्पन्न लोग हैं, उन्हें पीड़ित मानवता की सेवा के लिए उदारतापूर्वक दान करना चाहिए। राज्यपाल ने पेशकश की कि रेडक्रॉस बिहार को उनसे भी दान राशि लेकर पीड़ित–प्रभावित परिवारों की सहायता में व्यय करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ सरकारों के भरोसे ही आपदा–प्रबंधन के कार्यों को नहीं छोड़ा जा सकता। राज्यपाल ने कहा कि बाढ़, भूकम्प, शीतलहरी, अग्निकांड आदि आपदाओं के समय इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं को भी प्रभावित क्षेत्रों में सेवा और राहत–कार्यों में लग जाना चाहिए।

राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि बिहार के बाढ़–प्रवण 21 जिलों –अररिया, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सहरसा, खगड़िया, समस्तीपुर, पटना, पूर्णिया, शिवहर, सारण, किशनगंज, सीवान आदि में रेडक्रॉस द्वारा गरीबों में वितरण के लिए कम्बल भेजे जा रहे हैं। उन्होंने शीतलहर से विशेष रूप से प्रभावित 15 जिलों में किचेनसेट, तारपोलीन, कम्बल, लुंगी, साड़ी, चादर, बच्चों के कपड़े, दरी, तौलिया, स्वेटर, टिफिन बॉक्स, कुर्त्ता, सर्ट, बाल्टी आदि सामग्रियाँ भेजे जाने की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, बिहार स्टेट ब्रांच के अध्यक्ष डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा, एस॰बी॰आई॰ लाइफ इंस्यूरेंस के श्री योगेशचन्द्र श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ॰ बी॰बी॰ सिन्हा ने इंडियन रेडक्रॉस बिहार ब्रांच को 46.42 लाख रूपये कंबल खरीदने के लिए उपलब्ध कराने हेतु एस॰बी॰आई॰ लाइफ इंस्यूरेंस को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रॉस के वाइस प्रेसिडेन्ट डॉ॰ डी॰के॰ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्री उदयशंकर प्रसाद सिन्हा, मानद कोषाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार जायसवाल, एस॰बी॰आई॰ के श्री अभिजीत साहा, महासचिव श्री नगीना शर्मा, आपदा प्रबंधन और राहत समिति के संयोजक श्री राकेश रंजन तथा राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारीगण आदि भी उपस्थित थे।

....